नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर (वी.यू.) का पंचम दीक्षांत समारोह गुरूवार दिनांक 21 फरवरी 2019 को आयोजन

महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनन्दी बेन पटेल की अनुमति से विश्वविद्यालय, का पंचम दीक्षांत समारोह गुरूवार दिनांक 21 फरवरी 2019 प्रात: 11:00 बजे से नवनिर्मित प्रशासनिक भवन, पशुधन प्रक्षेत्र अधारताल, जबलपुर प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है।

महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति के आगमन पर उन्हें विश्वविद्यालय, की एक- मध्यप्रदेश रिमाउंट एवं वेटनरी स्क्वाड्रन कमान के छात्रों द्वारा 'गार्ड ऑफ ऑनर' से सममानित किया जायेगा तथा छात्राओ की एक टोली क्षेत्रीय नृत्य प्रस्तुत करेगी।

प्रशासनिक भवन का लोकार्पण :- महामहिम राज्यपाल विश्वविद्यालय, के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन का लोकार्पण करेगीं तथा गौमाता पूजन भी करेगीं।

कुल 504 छात्र एवं छात्रायें उपाधि से विभूषित होंगी :- इन छात्रो में स्नातक स्तर के 386, स्नातकोत्तर स्तर के 109 एवं पी.एच.डी. के 09 छात्र – छात्राएं शामिल हैं ।

दीक्षांत समारोह में 109 स्नातकोत्तर (एम.व्ही.एस.सी. एवं एम.एस.सी.) एवं 9 पी.एच.डी. छात्र – छात्राओं को महामहिम के कर कमलों द्वारा मंच पर उपाधि प्रदान की जायेगी।

मानद उपाधि से अलंकरण :- महामहिम कुलाधिपति द्वारा प्रख्यात विभूतियों क्रमशः डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव, अध्यक्ष, कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड, नई दिल्ली एवं डॉ.एम.सी. वार्ष्णेय, पूर्व कुलपति, आनंद पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, आणंद एवं कामधेनु विश्वविद्यालय, गांधीनगर (गुजरात) को मानद उपाधि से अलंकृत किया जावेगा।

पंचम दीक्षांत भाषण :- नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर को पंचम दीक्षांत भाषण डॉ. ए.के. श्रीवास्तव, अध्यक्ष, कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड, नई–दिल्ली द्वारा दिया जावेगा।

कुल 8 स्वर्ण पदक प्रदान किये जायेगें :- स्नातक स्तर :- विश्वविद्यालय, द्वारा कु. महावेश हीरा खान 2016-17 सत्र को 2 स्वर्ण पदक (1 विश्वविद्यालय, स्वर्ण पदक तथा 1 स्वर्गीय डॉ. एम.आर.लक्ष्मण राव स्मृति स्वर्ण पदक), कु. रागनी मिश्रा 2017-18 सत्र का विश्वविद्यालय, स्वर्ण पदक, कु. अनुश्री तिवारी को 2017-18 सत्र का स्वर्गीय डॉ. एम.आर.लक्ष्मण राव स्मृति स्वर्ण पदक प्रदान किया जावेगा। फिशरी साइंस कॉलेज में 2016-17 हेतु श्री ओम प्रकाश पटेल तथा 2017-18 सत्र हेतु अंकिता विश्वकर्मा को विश्वविद्यालय, स्वर्ण पदक प्रदान किया जावेगा।

स्नातकोत्तर स्तर :- इसमें 2016-17 सत्र हेतु डॉ. शशि भारती तथा 2017-18 में डॉ. स्वाति सोनम को विश्वविद्यालय, स्वर्ण पदक प्रदान किया जायेगा।

पी.एच.डी. सतर :- इस हेतु डॉ. जी.पी. जाटव को 2016-17 सत्र एवं डॉ. प्रगति पटेल को 2017-18 सत्र में उच्चतम अंक प्राप्त होने पर ''सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट'' से विभूषित किया जावेगा। कट ऑफ दिनांक 21 जनवरी 2019 रखी गई है।